प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

000

00

0

09.02.2026/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/पुष्पा/

संजय/11:00बजे

प्रधानमंत्री–परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के दूसरे सत्र के दौरान आज देश भर के छात्रों से बातचीत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने ए आई पर चर्चा करते हुए कहा कि हर युग में जब भी कोई नई टेक्नोलॉजी आती है तो उसकी चर्चा होती है। हमें किसी भी चीज से डरना नहीं चाहिए। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम उसके गुलाम नहीं बनेंगे। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन और इंस्पिरेशन दोनों की जरूरत है। एक प्रश्न के उत्तर में प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे देश के 10वीं 12वीं के छात्रों के मन में भी विकसित भारत–2047 का सपना है वे इस बात से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि आपका ध्यान इस बात पर होना चाहिए कि आप क्या करना चाहते हैं और फोकस के साथ अपना स्टार्ट अप शुरू कर देना चाहिए।

आरडीजी

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राजस्व घाटा अनुदान बंद होने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा। शिमला में कल मंत्रिमंडल की बैठक और वित्त विभाग की प्रैजेंटेशन के बाद उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान को समाप्त करना सरकार का नहीं, बल्कि राज्य की जनता के अधिकारों का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि यदि एक बार आरडीजी का प्रावधान समाप्त किया जाता है, तो राज्य की जनता के अधिकारों को सुरक्षित रख पाना कठिन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 17 राज्यों के लिए आरडीजी समाप्त कर दी गई है, लेकिन मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले को लेकर भाजपा सांसदों और विधायकों के साथ प्रधानमंत्री से भी मिलने को तैयार है और फिर भी समाधान नहीं हुआ तो फैसले के खिलाफ प्रदेश सरकार अदालत का रूख करेगी।

बी पी एल चयन

प्रदेश में बी पी एल सूचियों को अंतिम रूप देने के लिए चौथे चरण की चयन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नए नियमों के तहत अब मनरेगा में 80 दिन का रोजगार पूरा करने वाले लोग भी इसके लिए पात्र माने

जाएंगे। वहीं अपंगता प्रतिशत की शर्त भी 50 से कम कर 40 प्रतिशत की गई है। चौथे चरण के सर्वे के तहत जिला चम्बा में भी बी पी एल परिवारों की चयन प्रक्रिया का कार्य प्रगति पर है। इस चौथे चरण के तहत 17 फरवरी तक पंचायत सचिव के पास आवेदन किए जा सकते हैं और 25 फरवरी तक इन्हें अधिसूचित किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में आज से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज उच्च पर्वतीय क्षेत्रों किन्नौर, लाहौल–स्पीति, चंबा और कुल्लू के ऊंचाई वाले क्षेत्रों और कल पूरे प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। वहीं कई भागों में 30–40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने और गरज के साथ बिजली चमकने का येलो अलर्ट भी जारी हुआ है। 12 फरवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है।

अधिनियम

प्रदेश में सार्वजनिक परीक्षा–अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम–2025 आज से लागू हो रहा है। राज्य सरकार ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं में पारदर्शिता लाना है। इस कानून के अंतर्गत, अब नकल, प्रश्न पत्र लीक, जालसाजी और परीक्षा संबंधी संगठित अपराधों के विरूद्ध कडी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अधिनियम के अनुसार, भर्ती परीक्षाओं में नकल करने या नकल में सहायता करने वाले किसी भी व्यक्ति को कम से कम पांच वर्ष और अधिकतम दस वर्ष के कारावास के साथ एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

बजट

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शिमला में बजट पर हिमाचल के संदर्भ में कहा कि किसानों, डेयरी, दाल, अनाज, सब्जी और मसाला उत्पादकों के हित पूरी तरह सुरक्षित रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि सेब के मुद्दे पर कांग्रेस अनावश्यक राजनीति कर रही है। बाहर से आने वाला सेब 100 रूपये से कम लैंडिंग कीमत पर भारत नहीं आ सकता। लगभग 80 रूपये न्यूनतम बेस प्राइस और उस पर 20 से 40 रूपये तक टैक्स जुड़ने के बाद ही आयात संभव है। इसलिए स्थानीय बागवानों के हित सुरक्षित है।